नव भारत टाईम्स (Nav Bharat Times)

दिनाँक (Dated): 15.01.2025 | पृष्ठ सं0 (Page No). 11 | क्रम सं0(Serial No.) 4

# CISF में दो नई बटैलियन को मंजूरी, 2050 पदों पर भर्ती होगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**संसद, दिल्ली मेट्रो,** एयरपोर्ट और परमाणु प्लांट समेत देश के 350 से अधिक संस्थानों की सुरक्षा करने वाली CISF के बेड़े में दो बटैलियन (एक बटैलियन में 1025 जवान) और जोड़ी जाएंगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय से इसके लिए मंगलवार को मंजूरी मिल गई।

10 मार्च 1969 में करीब तीन हजार जवानों से शुरू हुई CISF इन दो बटैलियन के जुड़ने के बाद करीब दो लाख जवानों की फोर्स बन जाएगी। इससे पहले पिछले साल गृह मंत्रालय से CISF के लिए पहली महिला बटैलियन बनाने के लिए मंजूरी दी गई थी। CISF के प्रवक्ता अजय दहिया ने बताया कि इन दो बटैलियन के साथ ही CISF में बटैलियन की संख्या 13 से बढ़कर 15 हो जाएगी। दो नई बटैलियन के गठन के रूप में बल में 2050 पदों पर नई भर्तियां शुरू होंगी। जवानों की भर्ती से लेकर ट्रेनिंग और अन्य तमाम औपचारिकताएं पूरी करते हुए ये दोनों बटालियन इस साल के अंत तक CISF के लिए अपनी सेवाएं देना शुरू कर देंगी। प्रत्येक बटैलियन का नेतृत्व वरिष्ठ कमांडेंट स्तर के अधिकारी करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि असल में संसद समेत अन्य कई संस्थानों, चुनावी डयूटी, प्राकृतिक आपदा समेत अन्य कई कार्यों में जवानों की जरूरतों को देखते हुए उनकी कमी महसूस हो रही थी। इसे पूरा करने के लिए गृह मंत्रालय को नई भर्तियों के बारे में प्रस्ताव भेजा गया था।